राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर

क्रमांक :— एफ—4 / मु0 / वित्त / प्रि. प्रेस / 2026 / 1178 दिनांकः— 08/05/2026

MECH. TECH ENTERPRISES
217, संजय नगर "B", अमन स्ट्रीट,
जोशी मार्ग, झोटवाडा, जयपुर।

विषय :— राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के नियम 17(1) के अन्तर्गत राजस्थान परिवहन निगम प्रिन्टिग प्रेस में स्थापित एच.एम.टी. मशीन के रिपेयरिंग हेतु प्रस्ताव एवं सहमति हेतु।

राजस्थान परिवहन निगम प्रिन्टिंग प्रेस में स्थापित एच.एम.टी. मशीन मुद्रण के दौरान आवाज करती है। आप द्वारा उक्त मशीन के निरीक्षण उपरान्त अवगत करवाया गया कि मशीन को खोलने के उपरान्त ही पता चलेगा कि मशीन में क्या खराबी हैं।

आपको उक्त मशीन का काफी अनुभव है एवं निगम को मशीन की मरम्मत हेतु आपकी आवश्यकता है। अतः RTPP – 17 के तहत् आपसे सहमति अपेक्षित है। आपको वर्णित एच.एम.टी. मशीन को अधिकतम 5 से 7 दिन में रिपेयर करना होगा जिसके लिए आपको 5000/—रू0 (अक्षरे पांच हजार रूपये) प्रति दिन (18% जी.एस.टी. अतिरिक्त) पारिश्रमिक (फीस) देय होगा।

मशीन के मरम्मत में लगने वाले पार्टस का भुगतान निगम द्वारा अलग से किया जावेगा। मशीन रिपेयर करने के बाद पारिश्रमिक (फीस) के भुगतान हेतु आपको बिल निगम में प्रस्तुत करना होगा। पारिश्रमिक (फीस) का भुगतान मशीन रिपेयरिंग के पश्चात् एक सप्ताह मशीन चलाने के उपरान्त किया जावेगा।

अतः उक्त प्रस्ताव पर आप अपनी सहमति तीन दिवस में प्रस्तुत करें।

—sd—

वित्तीय सलाहकार

क्रमांक :— एफ—4 / मु0 / वित्त / प्रि. प्रेस / 2026 / 1178 दिनांकः— 08/05/2026

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है :—

1. उप महाप्रबन्धक (आई.टी) राजस्थान परिवहन निगम मुख्यालय जयपुर को भेजकर लेख है कि राज्य लोक उपापन पोर्टल (SPPP) एवं निगम वेबसाईट पर निविदा आमंत्रित करने वाली उपर्युक्त सूचना को अपलोड करावें।
2. नोटिस बोर्ड, रा.रा.प.प. निगम मुख्यालय जयपुर।
3. आदेश पत्रावली।

महाप्रबन्धक (वित्त)